meet the balance claims of public sector banks, Regional Rural Banks and Coop, banks under the ARDR scheme. The release of the balance amount due to cooperative Banks in Uttar Pradesh will be considered after receipt of finalire-vised claims from Uttar Pradesh State Cooperative Bank and U.P. State Land Development Bank duly complying with the instructions of NABARD for excluding ineligible claims and penallcom-pound interest. Such revised claims have not yet been received by NABARD.

Statemeat

Details of claims of Co-optrative Banks in Uttar Pradesh under the Agricultural and Rural Debt Relief Scheme,'90

(Rs. in crores)

	Amount claimed	Amount sanctioned
U.P. State Cooperative Bank	543.173	481.594
U.P. State Land Developmsnt Baak . . .	102 156	89.546
TOTAL :	645.329	571.140

आम की नई शंकर किस्म का विकास

6051. **श्री शारदा महन्ती :**
श्री सोमपाल :

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 8 अप्रैल, 1994 के पंजाब केसरी में प्रकाशित इस समाचार की ओर दिलाया गया है कि महराष्ट्र में वानगुरला स्थित कोंकण विद्यापीठ के क्षेत्रीय फल अनुसंधान केंद्र ने अल्फा सोरला नामक आम की गुठली रहित शंकर किस्म का विकास किया है; और

(ख) यदि हां, तो इस किस्म की क्या विशेषताएं हैं और इसके उत्पादन की प्रोत्साहित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहें हैं ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस० कृष्ण कुमार) : (क) जी, हां ।

(ख) महाराष्ट्र राज्य के कोंकण क्षेत्र के लिए कोंकण कृषि विद्यापीठ, डपोली द्वारा आम की सिंधु किस्म विकसित तथा रिलीज की गई है । इसे केवल विश्व-विद्यालय स्तर पर जारी किया गया है न कि केंद्रीय किस्म रिलीज समिति के द्वारा । इस किस्म के फल की गुठली पतली करीब 7 ग्राम की होती है तो बिना गिरी/बीज के होती है और इस प्रकार इसे बीज रहित आम कहा जा सकता है । इसके फल अलफन्सो जैसे हैं, आम की यह किस्म संसाधन हेतु उपयुक्त है तथा स्पोन्जी ऊतक बीमारी से मुक्त है । इस किस्म की अखिल भारतीय समन्वित उपोष्ण अनुसंधान प्रायोजना के तहत विभिन्न क्षेत्रों में इसकी उपयुक्तता की बहुस्थानिक जांच के लिए रखा गया हैं, इसलिए फिल-हाल पूरे भारत में इस किस्म के उत्पादन को प्रोत्साहन देने का प्रश्न ही नहीं उठता ।